हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live &
dkunews24

वर्ष : 03 अंक–301 : जौनपुर, शनिवार 12 मार्च 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## अयोध्या के बाद अब मथुरा की बारी : धर्म नगरी की बदलेगी तस्वीर

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की शानदार जीत के बाद यूपी के कार्यकारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को दिल्ली जाएंगे। सूत्रों के अनुसार, योगी आदित्यनाथ वहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात करेंगे। इस बीच जानकारी मिली है कि नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होली के बाद तक टल सकता है। इसके होली के बाद आयोजित होने की संभावना है। इससे पहले 10 मार्च हुई मतगणना में भाजपा गठबंधन ने 273 सीटें जीतकर शानदार जीत दर्ज की थी। इसके बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को



इस्तीफा दे दिया था। मत परिणाम जारी होने के बाद योगी आदित्यनाथ की पीएम मोदी से यह पहली मुलाकात होगी।

## भाजपा की जीत से खुश बनारस में इस समर्थक ने 'बुलडोजर बाबा' का बनवाया टैटू

वाराणसी ब्यूरो : बहुप्रतीक्षित यूपी विधानसभा चुनाव परिणाम में भाजपा की शानदार जीत के बाद वाराणसी समेत पूरे प्रदेश में जश्न मनाया जा रहा है। हाल के दिनों में बुलडोजर बाबा के नाम से मशहूर हुए सीएम योगी आदित्यनाथ की फिर से वापसी पर जगह–जगह बुलडोजर पर चढ़कर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जश्न मनाया। इसी क्रम में वाराणसी में एक भाजपा समर्थक ने अनोखा कारनामा किया है। उसने अपने हाथ में बुलडोजर बाबा का टैटू बनवाया है। इस चुनाव में बुलडोजर बाबा की जमकर चर्चा हुई थी। अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ बुलडोजर चलाने का स्लोगन देकर बहुमत से सत्ता में लौटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके समर्थकों ने बुलडोजर बाबा का नया नाम दिया है। चुनाव में आवारा पशुओं का मुद्दा तो उठा ही साथ ही सीएम योगी की इमेज बुलडोजर बाबा के रूप में भी तेजी से फैली। यूपी चुनाव में भाजपा सरकार की फिर से वापसी के बाद जगह–जगह विजय जुलूस में बुलडोजर भी शामिल रहा। अब तो लोग अपने हाथों पर बुलडोजर का टैटू बनवा रहे हैं। वाराणसी के अस्सी क्षेत्र के एक टैटू की दुकान पर इन दिनों टैटू बनाने की मांग बढ़ गई है। टैटू आर्टिस्ट सुमित ने बताया कि उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत आने के बाद लोग बुलडोजर का टैटू और बुलडोजर बाबा का नाम लिखवा रहे हैं। टैटू बनवाने वाले भाजपा समर्थक सुनील कुमार ने बताया कि जब से योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने हैं, उन्होंने सभी माफियाओं के खिलाफ बुलडोजर चलवा दिया। इससे हमारी बहन– बेटियां सुरक्षित हैं। इसीलिए मैंने बुलडोजर बाबा का टैटू अपने हाथ पर बनवा लिया है। सुनील कुमार ने बताया कि पूरे यूपी में बुलडोजर बाबा का क्रेज बढ़ता ही जा रहा है। इसीलिए मैंने अपने हाथ पर टैटू बनवाया है। मेरे कई दोस्त भी ऐसा ही टैटू बनवाएंगे। यूपी विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा लगातार दावे कर रही थी कि




पांच सालों में जिस तरह से योगी ने माफियाओं के खिलाफ बुलडोजर का इस्तेमाल किया उसी तरह अगली सरकार बनने पर भी बुलडोजर चलाया जाएगा। इसकी तस्दीक उस समय हुई जब सीएम योगी का एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें वह कहते दिखाई दे रहे हैं कि देखिए मेरी सभा में बुलडोजर भी खडे़ हैं। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा ने लगातार दूसरी बार सत्ता हासिल करके इतिहास रच दिया है। इस चुनाव में भाजपा गठबंधन ने 273 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत हासिल कर लिया है। वाराणसी की आठों सीटों पर भाजपा गठबंधन की ही जीत हुई। वाराणसी की आठों विधानसभा सीटों पर भाजपा की जीत के बाद शुक्रवार को हर तरफ खुशी का माहौल रहा। कहीं बुलडोजर पर जश्न मनाया गया तो कहीं भगवा होली खेली गई। वहीं पांडेयपुर के एक चाट विक्रेता ने जीत की खुशी मनाते हुए शुक्रवार को लोगों को मुफ्त में गोलगप्पा और चाट खिलाया।

## देर रात अलीगढ़ में हनुमान मंदिर क्षतिग्रस्त : हिंदू संगठन और भाजपा नेता पहुंचे : कई थानों की पुलिस तैनात

अलीगढ़ ब्यूरो : सांप्रदायिक दृष्टि से अलीगढ़ का बेहद संवेदनशील कस्बा जलाली स्थित वनखंडेश्वर महादेव मंदिर में बीती रात किसी ने हनुमान मंदिर को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसे लेकर रात में ही तमाम हिंदू संगठनों के नेता एकत्रित होकर धरने पर बैठ गए। खबर मिलने पर पहुंची पुलिस ने लोगों कार्रवाई करने का आश्वासन देकर उन्हें शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी रात भर वहीं डटे रहे। मामले में हरदुआगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। इधर, सुबह होते ही मंदिर क्षतिग्रस्त की खबर पर हंगामा शुरू हो गया। निकटवर्ती गांव के लोग भी मंदिर पर पहुंच गए। घटना के विरोध में कस्बे के बाजार बंद कर दिए गए हैं। भड़काऊ नारेबाजी के बीच लोगों को पुलिस समझाने के प्रयास में जुटी है और हालात की गंभीरता को देखते हुए कई थानों से फोर्स मौके पर पहुंची है। यही नहीं एसपी देहात व एसडीएम भी मौके पर जमे हैं। हिंदू समाज के लोग आरोपी की गिरफ्तारी के बाद ही हंगामा शांत करने की बात कर रहे हैं। खबर मिलते ही मौके पर भाजपा नेताओं का जमावड़ा भी शुरू हो गया है। ठाकुर जसवीर सिंह, ठाकुर शाल्यराज



सिंह, ठाकुर कुशल पाल सिंह, ठाकुर धीरेंद्र प्रताप सिंह आदि मौके पर पहुंचे हैं। इस मामले में देर रात पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद समुदाय विशेष के युवक समेत तीन अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। आधी रात पुलिस चौकी पहुंचकर नामजद के पक्ष रखने पर पूर्व चेयरपर्सन से जमकर नोंकझोंक हुई। अब प्रदर्शनकारी चेयरपर्सन की गिरफ्तारी मांग कर रहे हैं। कस्बे में लाठी डंडों के साथ लोगों ने जुलूस निकाला।

## वृंदावन में तबीयत बिगड़ने से महिला श्रद्धालु की मौत : बरसाना में बुजुर्ग की गई जान

आगरा ब्यूरो : मुंबई की 60 वर्षीय महिला अपने परिजनों के साथ वृंदावन आई थी। शनिवार को वह बांकेबिहारी मंदिर में दर्शन करने गई, तभी उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। एक दिन पहले बरसाना में एक श्रद्धालु की मौत हो गई थी। अस्पताल के बाहर खड़ीं महिला के साथ की श्रद्धालु वृंदावन के विश्व प्रसिद्ध श्रीबांकेबिहारी मंदिर में शनिवार को भीड़ के चलते एक महिला श्रद्धालु की तबीयत बिगड़ गई। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। बता दें कि पिछले माह भी एक पुरुष की दर्शन के दौरान तबीयत बिगड़ी थी। वह भी भीड़ के कारण घबरा गया था। अस्पताल में उसकी भी मौत हो गई थी। होली पर मंदिरों में उमड़ रही भीड़ ब्रज में होली का पर्व मनाने के लिए देश–दुनिया से हजारों श्रद्धालु पहुंचे हैं। वृंदावन के बांकेबिहारी मंदिर में प्रतिदिन भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। शनिवार को सुबह से ही भीड़ का दबाव है। मुंबई की 60 वर्षीय मधु अग्रवाल भी कुछ महिलाओं के साथ ठाकुर बांकेबिहारी के दर्शन करने पहुंची थी। भीड़ के दबाव के कारण बेहोश होकर गिरीं मंदिर में भीड़ के अधिक दबाव के चलते उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। वह बेहोश होकर मंदिर परिसर में ही गिर गईं। मंदिर के सुरक्षाकर्मी अन्य श्रद्धालुओं की मदद से उनको बाहर लेकर आए। पुलिसकर्मियों के सहयोग से उनको जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शुगर की मरीज थी महिला श्रद्धालु जिला संयुक्त



चिकित्सालय के डॉक्टर हर्षवर्धन ने बताया कि मरीज काफी गंभीर स्थिति में थी। हमने प्राथमिक उपचार भी दिया, लेकिन कोई रिस्पांस नहीं आया। इसके बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतका के साथ की महिलाओं ने जानकारी दी है कि मधु अग्रवाल शुगर से पीड़ित थीं। बरसाना में 65 वर्षीय बुजुर्ग की मौत बरसाना में लठामार होली पर आए 65 वर्षीय श्रद्धालु की हार्टअटैक से मौत हो गई थी। पंजाब के पठानकोट निवासी चरण दास परिवार के साथ शुक्रवार को बरसाना आए थे। लठामार होली खत्म होने के बाद वह परिवार के साथ राधारानी के दर्शन के लिए मंदिर गए, जहां भीड़ में उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। परिजनों ने उनको मंदिर के बाहर ही बैठा दिया और दर्शन करने चले गए। परिजन लौटकर आए तो चरण दास की मौत हो चुकी थी। परिजन मृतक के शव को अपने साथ पठानकोट ले गए।

## हाईकोर्ट का निर्णय : मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद के मामले में फिर शुरू होगी सुनवाई

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद स्थल को कृष्ण जन्म भूमि के रूप में मान्यता देने की मांग वाली याचिका पर फिर से सुनवाई करेगा। इसके लिए हाईकोर्ट ने खारिज की गई याचिका को बहाल कर दिया है। यह याचिका याची की गैरहाजिरी में 19 जनवरी 2021 को खारिज कर दी गई थी। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल और न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया की खंडपीठ ने दिया है। कोर्ट ने पाया कि याचिका की बहाली के लिए जो आवेदन दाखिल किया गया, वो याचिका खारिज होने के तुरंत बाद दाखिल किया गया। याचिका अधिवक्ता महक महेश्वरी की ओर से दाखिल की गई है। कोर्ट ने कहा कि मुख्य याचिका को याची की गैरहाजिरी में खारिज करने के आदेश को वापस लिया जाता है। मुख्य याचिका को उसके मूल नंबर पर बहाल किया जाता है। कोर्ट ने मामले में सुनवाई के लिए 25 जुलाई 2022 की तिथि सुनिश्चित की है। क्या है मामला याची की ओर से कृष्ण जन्मभूमि पर कथित तौर पर बनी मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद को हटाने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि मंदिर की जमीन हिंदुओं को सौंप दी जाए और उक्त भूमि पर मंदिर निर्माण के लिए कृष्ण जन्मभूमि जन्मस्थान के लिए



एक उचित ट्रस्ट का गठन किया जाए। याचिका में याचिका के निपटारे तक हिंदुओं को सप्ताह में कुछ दिनों और जन्माष्टमी के दिनों में मस्जिद में पूजा करने की अनुमति दिए जाने की मांग गई है। याचिका में कहा गया है कि भगवान कृष्ण का जन्म राजा कंस के कारागार में हुआ था और उनका जन्म स्थान शाही ईदगाह ट्रस्ट द्वारा बनाए गए वर्तमान ढांचे के नीचे है। यह कहा जाता है कि 1968 में सोसाइटी श्री कृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ ने ट्रस्ट मस्जिद ईदगाह की प्रबंधन समिति के साथ एक समझौता किया, जिसमें देवता की संपत्ति का एक बड़ा हिस्सा बाद वाले को दे दिया गया।

## होली पर मुफ्त गैस सिलेंडर देने की तैयारी में जुटी सरकार : मेधावी छात्राओं को स्कूटी और बुजुर्ग महिलाओं को फ्री यात्रा कराने पर भी मंथन

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश की अफसरशाही ने योगी सरकार की दूसरी पारी में जनता से किए गए वादों पर अमल की तैयारी शुरू कर दी है। नई सरकार के गठन की तस्वीर साफ होने के बाद मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें चुनावी वादे के मुताबिक पीएम उज्जवला योजना की सभी पात्र लाभार्थियों को पहला मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर होली पर देने, 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए सार्वजनिक परिवहन में मुफ्त यात्रा की व्यवस्था तथा मेधावी छात्राओं को स्कूटी देने की योजना के क्रियान्वयन से जुड़ी कार्रवाई पर विचार–विमर्श हुआ। बैठक में शामिल एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुख्य सचिव ने संकल्प पत्र के प्रत्येक बिंदु का अध्ययन कर टाइमलाइन तय कर क्रियान्वयन का निर्देश दिया है। संकल्प–पत्र के ऐसे बिंदुओं की पहचान की जानी है, जिन पर तुरंत कार्य प्रारंभ किया जाना है। इसके अलावा ऐसे बिंदु जिन पर अगले एक माह में कार्य प्रारंभ किया जाना है, चिह्नित करने को कहा गया है। जिन बिंदुओं पर कुछ समय बाद कार्य शुरू किया जा सकता है, उनकी अलग सूची तैयार होगी। अधिकारी ने बताया कि भाजपा ने संकल्प–पत्र में पीएम उज्जवला योजना के समस्त लाभार्थियों को होली तथा दीपावली पर दो मुफ्त एलपीजी सिलेंडर देने का वादा किया है। योगी सरकार की प्रचंड जनादेश के साथ दोबारा वापसी के बाद पहली होली 17–18 मार्च को पड़ रही है। ऐसे में इस वादे पर अमल की तत्काल तैयारी का निर्देश दिया गया। प्रदेश में करीब 1 करोड़ उज्जवला लाभार्थी बताए गए हैं। इस पर करीब 1000 करोड़ रुपये खर्च आने का अनुमान है। यह कब दिया जाए, इस पर निर्णय मुख्यमंत्री से विचार–विमर्श कर किया जाएगा। इसी तरह भाजपा ने 60 वर्ष की महिलाओं के लिए सार्वजनिक परिवहन में मुफ्त यात्रा की व्यवस्था का वादा किया है। परिवहन विभाग को इस संबंध में प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया है। इसके अलावा कॉलेज जाने वाली मेधावी छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रानी लक्ष्मीबाई योजना के अंतर्गत मुफ्त स्कूटी वितरित करने का वादा है। इसके लिए मेधावी की परिभाषा तय कर इस संबंध में भी तैयारी का निर्देश दिया गया। इसी तरह संकल्प पत्र के अन्य बिंदुओं पर भी विचार–विमर्श हुआ।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## आलमनगर पारा क्रॉसिंग पर बनेगा रेलवे ओवरब्रिज : मिलेगी जाम से निजात

ब्यूरो चीफ आरएल पाण्डेय लखनऊ। आलमनगर वार्ड स्थित पारा क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज बनेगा। इससे पारा, राम विहार, कुमारपुरम, चंद्रोदय नगर, हंसखेड़ा सहित आसपास की करीब एक लाख आबादी को ट्रैफिक जाम से निजात मिलेगी। शुक्रवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी, ओएसडी केपी सिंह, महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा व रेलवे के डीआरएम सतीश कुमार ने क्षेत्र का निरीक्षण किया। डीआरएम ने ओवरब्रिज को दोनों रेल मार्ग पार कर डी–ब्लॉक तालकटोरा रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक के पास पुल को उतारने को लेआउट बनाने का निर्देश दिया। केपी सिंह ने बताया कि रेल मंत्रालय से जल्द ओवरब्रिज मंजूर कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय पार्षद रेखा वर्मा ने रक्षामंत्री से भेंट कर ओवरब्रिज की मांग की थी। यहां सांसद पीआरओ राघवेंद्र शुक्ला, नागेंद्र सिंह आदि रहे।

## नि:शुल्क दन्त परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारत विकास परिषद् के अध्यक्ष अवधेश गिरि की अध्यक्षता में आज केरारबीर मंदिर पर केयर डेंटल स्पेशियलिटी सेंटर के सहयोग से नि:शुल्क दन्त परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख एंव दन्तरोग विशेषज्ञ डा.तुलिका मौर्या ने



दंत परिक्षण करते हुए महिलाओं एंव बच्चों को दांतों में होने वाली समस्याओं और उसके उपाय के लिए विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया। इससे पूर्व डा.गौरव प्रकाश मौर्य ने सभी को जागरूक करते हुए बताया कि कम से कम छह:महीने में सभी को अपने दांतों का जांच कराना चाहिए।जिससे दांतों में गंभीर समस्या उत्पन्न नहीं होगा और समय से आपका उपचार हो जाएगा। कार्यक्रम संयोजक विक्रम कुमार गुप्त ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए बताया शिविर में कुल 74 मरीज लाभान्वित हुए जिसमें सबसे ज्यादा मरीज पायरिया के पाए गये एंव दोहरा गुटखा खाने से लोगों में दांतों में सड़न का लक्षण पाया गया। इस मौके पर डा.सौरभ रस्तोगी,अतुल सिंह, सत्येन्द्र अग्रहरि,दिलीप जायसवाल,गणेश साहू, महेंद्र प्रताप चौधरी, शिवकुमार गुप्ता,मोहित शर्मा,प्रदीप, विशाल,अखिलेश विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

## बिल्डर को बिजली कनेक्शन देने में गड़बड़ी पर कार्यवाही : एक्सईएन व एई बर्खास्त : तीन की वेतन वृद्धि रुकी

लखनऊ ब्यूरो : ग्रेटर नोएडा में एक बड़े बिल्डर की आवासीय योजना के लिए बिजली कनेक्शन जारी करने में अनियमितता पर तत्कालीन अधिशासी अभियंता लाल सिंह राकेश व सहायक अभियंता अजय कुमार को बर्खास्त कर दिया गया है। इनके अलावा तीन अन्य की वेतन वृद्धि रोकी गई है। पावर कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष एम. देवराज ने शुक्रवार को इसके आदेश जारी कर दिए। लाल सिंह राकेश अभी चित्रकूट तथा अजय कुमार कौशांबी में तैनात हैं। इन अभियंताओं पर वर्ष 2017 में आवासीय योजना को 5200 केवीए का विद्युत भार अनियमित रूप से जारी करके पावर कॉर्पोरेशन को वित्तीय क्षति पहुंचाने तथा उपभोक्ता को अनुचित लाभ पहुंचाने का आरोप है। इसकी जांच के लिए पिछले साल नवंबर में कॉर्पोरेशन ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी सूर्यपाल गंगवार तथा निदेशक (वित्त) महेश चंद्र पाल की दो सदस्यीय समिति बनाई थी। समिति की रिपोर्ट में निजी बिल्डर को अनुचित लाभ पहुंचाने व कदाचरण की पुष्टि होने पर यह कार्रवाई हुई। इस मामले में तत्कालीन अधिशासी अभियंता प्रभात कुमार सिंह को परिनिंदा प्रविष्टि के साथ एक वार्षिक वेतन वृद्धि पर रोक, तत्कालीन अधिशासी अभियंता (ट्रांसमिशन) प्रवीण कुमार को दो वार्षिक वेतन वृद्धि पर रोक तथा तत्कालीन उपखंड अधिकारी चंद्रवीर को एक वार्षिक वेतन वृद्धि पर रोक का दंड दिया गया है। इसी मामले में पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के निदेशक (तकनीकी) राकेश कुमार को पहले ही हटाया जा चुका है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

गरीब वो है जो देना नहीं जानता वरना एक मधुर मुस्कान, प्रशंसा के दो मीठे बोल किसके पास नहीं होते।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# रूस और यूक्रेन युद्ध के चलते खाद्यान्न निर्यात बढ़ाने का मौका

कृषि मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत खाद्यान्न उत्पादन के दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, फसल वर्ष 2021–22 में देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 31.60 करोड़ टन पर पहुंच जाने का अनुमान है, जो पिछले फसल वर्ष में 31.07 करोड़ टन रहा था। इस वर्ष गेहूं का उत्पादन रिकॉर्ड 11.13 करोड़ टन रहने का अनुमान है। गेहूं का उत्पादन पिछले वर्ष 10.95 करोड़ टन रहा था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आठ मार्च को वित्त मंत्रालय के एक वेबिनार में कहा कि रूस और यूक्रेन युद्ध के चलते भारत गेहूं के निर्यात की बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के अवसर का लाभ उठा सकता है। उल्लेखनीय है कि रूस और यूक्रेन मिलकर वैश्विक गेहूं आपूर्ति के लगभग एक चौथाई हिस्से का निर्यात करते हैं। लेकिन युद्ध के चलते इन देशों से गेहूं की वैश्विक आपूर्ति रुक गई है। ऐसे में भारत सहित अन्य देशों से गेहूं और अन्य कृषि उत्पादों की निर्यात मांग बढ़ गई है।

भारत ने फरवरी, 2022 के अंत तक करीब 66 लाख टन गेहूं का निर्यात किया है, जो अब तक का सर्वाधिक है। अनुमान है कि मार्च, 2022 के अंत तक कुल 70 लाख टन से अधिक गेहूं का निर्यात हो सकता है। चूंकि इस समय वैश्विक स्तर पर गेहूं के दाम दस साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए हैं और भारत के गेहूं के दाम भी करीब 320 डॉलर से बढ़कर 360 डॉलर प्रति टन हो गए हैं, ऐसे में यह परिदृश्य भारतीय गेहूं निर्यातकों के लिए एक अवसर है।

यह भी लाभप्रद है कि गेहूं के अन्य वैश्विक उत्पादकों की तुलना में देश में गेहूं की नई फसल मार्च, 2022 से उपलब्ध हो जाएगी। इसलिए इस समय जो वैश्विक बाजार में गेहूं की भारी कमी निर्मित हुई है, उसे भारत तेजी से भर सकता है। यह भी महत्वपूर्ण है कि इस समय भारत के करीब 2.5 करोड़ टन से अधिक के विशाल गेहूं भंडार से अधिक निर्यात की संभावनाओं को मुट्ठियों में लिया जा सकता है। साथ ही यदि खाद्यान्न के वैश्विक बाजार की स्थिति इसी तरह बनी रहती है, तो भारत का गेहूं निर्यात 2022–23 में एक करोड़ टन के रिकॉर्ड स्तर को छू सकता है।

निस्संदेह जिस तरह कोविड–19 की आपदाओं के बीच भारत ने वैश्विक स्तर पर दुनिया के जरूरतमंद देशों की खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभाई, उसी तरह एक बार फिर रूस और यूक्रेन युद्ध के चलते भारत से गेहूं सहित अन्य खाद्यान्नों की मांग कर रहे जरूरतमंद देशों को खाद्यान्नों के अधिक निर्यात का मौका उभरकर दिखाई दे रहा है। ज्ञातव्य है कि देश में गेहूं सहित खाद्यान्नों के रिकॉर्ड उत्पादन के मद्देनजर भी कृषि निर्यात की नई संभावनाएं बढ़ गई हैं।

कृषि मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत खाद्यान्न उत्पादन के दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, फसल वर्ष 2021–22 में देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 31.60 करोड़ टन पर पहुंच जाने का अनुमान है, जो पिछले फसल वर्ष में 31.07 करोड़ टन रहा था। इस वर्ष गेहूं का उत्पादन रिकॉर्ड 11.13 करोड़ टन रहने का अनुमान है। गेहूं का उत्पादन पिछले वर्ष 10.95 करोड़ टन रहा था। 2021–22 के दौरान चावल का कुल उत्पादन 12.79 करोड़ टन रिकॉर्ड अनुमानित है।

साथ ही, इस साल तिलहन उत्पादन 3.71 करोड़ टन रह सकता है, जो पिछले साल के 3.59 करोड़ टन से ज्यादा है। इस समय देश के कृषि निर्यात परिदृश्य पर विभिन्न अनुकूलताएं हैं, लेकिन कृषि निर्यात को देश की नई आर्थिक शक्ति बनाने के लिए कई बातों पर विशेष ध्यान देना होगा। सरकार द्वारा कृषि उपज का अच्छा विपणन सुनिश्चित करने की जरूरत है। कृषि पदार्थों के निर्यात बढ़ाने में भारत के कृषि अनुसंधान और कृषि मानकों की भूमिका को और प्रभावी बनाना होगा। खराब होने वाले कृषि उत्पादों जैसे फलों और सब्जियों के लिए लॉजिस्टिक्स सुदृढ़ करने की भी जरूरत है।

हम उम्मीद कर सकते हैं कि रूस–यूक्रेन संकट से भारतीय खाद्यान्न निर्यातकों के लिए निर्मित खाद्यान्न निर्यात की नई मांग के कारण 31 मार्च तक चालू वित्त वर्ष 2021–22 में कृषि निर्यात के 43 अरब डॉलर के लक्ष्य को सरलता से प्राप्त कर लिया जाएगा तथा आगामी वित्त वर्ष 2022–23 में कृषि निर्यात के 60 अरब डॉलर के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को भी हासिल करने के लिए तेजी से आगे बढ़ा जा सकेगा। कृषि निर्यात बढ़ने से किसानों की आमदनी बढ़ेगी। इससे ग्रामीण भारत की समृद्धि बढ़ने के साथ–साथ देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# गोरखनाथ मंदिर के गेट पर बैठे राज नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थी

गोरखपुर ब्यूरो : राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज तुरा बाजार की मान्यता संबंधी विवाद नहीं सुलझ रहा है। इससे नाराज विद्यार्थियों ने शनिवार दोपहर को गोरखनाथ मंदिर के गेट पर पहुंचकर सड़क जाम कर दिए। छात्र सीएम योगी से मिलने की जिद्द पर अड़े हुए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस प्रशासन इन्हें मनाने की कोशिश में जुटी हुई है। छात्रों की मांग है



कि कॉलेज को जब तक सील नहीं किया जाता और उन्हें दूसरे कालेज में प्रवेश नहीं मिलता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। जानकारी के मुताबिक, राज नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज के विद्यार्थी कई दिनों से कॉलेज परिसर में धरने पर बैठे हैं। उनका कहना है कि कॉलेज ने मान्यता का फर्जी प्रमाणपत्र दिखाकर दाखिला लिया है। इसे लेकर शासन ने मुकदमा भी कराया है, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे विद्यार्थी नाराज हैं।

# मोदी योगी गुंडों की तरह मैं भी बनूंगी गुंडी– कांग्रेस की प्रत्याशी अर्चना गौतम

मेरठ ब्यूरो : हस्तिनापुर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी अर्चना गौतम ने फेसबुक लाइव पर आकर कई विवादित बयान दिए हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा के लोग कहते थे कि ये लड़की कैसे दरोगा या अन्य से काम कराएगी। अर्चना ने कहा कि अब वह भी गुंडी बनेंगी, जिससे विधानसभा में रहकर लोगों के काम करा सकें। अर्चना गौतम ने फेसबुक पर लाइव आकर कहा, ''मुझे विधानसभा के लोग कहते थे कि ये लड़की कैसे दरोगा या अन्य से काम कराएगी। अब मैं भी गुंडी बनूंगी, जिससे विधानसभा में रह रहे लोगों के काम करा सकूं जैसे अन्य सांसद, मोदी , योगी भी गुंडों की तरह काम करते है।' भगवान राम पर भी दिया विवादित बयान अर्चना ने कहा कि वह अब भगवान राम को नही मानेंगी। वह सिर्फ बम–बम बोलकर आगे बढ़ेंगी। भगवान राम को मानने के लिए भाजपा आगे है। भगवान राम तो सबके हैं लेकिन भाजपा इन्हें सिर्फ अपना मान रही है। राजनीति की कक्षा में नए अध्यापकों के साथ बढ़ूंगी– अर्चना अर्चना ने जनता के कई सवालों का फेसबुक पर जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि वह अभी राजनीति में नर्सरी कक्षा में हैं। अब धीरे–धीरे आगे बढ़ेंगी। इसके अलावा जिन अध्यापकों को साथ लेकर वह राजनीति में आगे बढ़ीं वह फेल हैं। अब वह नए अध्यापकों को साथ लेकर आगे बढ़ेंगी। वही, भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इनकी सत्ता की असलियत पांच वर्ष नही दो वर्ष में ही पता चल जाएगी। शपथ लेते ही पेट्रोल, गैस और सरसों के तेल के दाम बढ़ने वाले हैं।



# अनुप्रिया ने किया अपना दल के नवनिर्वाचित विधायकों को सम्मानित : बोलीं– बिना भेदभाव के जनता की सेवा में जुटें

लखनऊ ब्यूरो : अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने पार्टी के नव निर्वाचित विधायकों को बिना भेदभाव के जनता की सेवा करने के साथ ही बेवजह बयानबाजी की प्रवृत्ति और व्यवहार में बदलाव लाने की नसीहत दी है। उन्होंने सभी विधायकों को अपने–अपने क्षेत्र में सक्रिय होकर जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता के काम करने का निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव जीतने के दंभ में आकर कोई ऐसा काम न करें, जिससे जनता–जनार्दन के बीच सरकार और पार्टी की छवि खराब हो। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष शुक्रवार को यहां कैंप कार्यालय में नव निर्वाचित विधायकों के साथ हुई बैठक में यह निर्देश दिए हैं। उन्होंने नवनिर्वाचित विधायकों के साथ अपने संसदीय अनुभव को साझा करते हुए कहा कि वे अपने वक्तव्य व व्यवहार से विधानसभा के सदन में पार्टी की नीतियों को मजबूती से रखें। उन्होंने सभी विधायकों से एकजुटता दिखाते हुए सदन में गरीब आदिवासी, दलित, किसान व पिछड़ों की समस्याओं को मजबूती से रखने को कहा। उन्होंने कहा कि विधायक जब पांच साल तक अपने–अपने क्षेत्र में सक्रिय रहेंगे तभी उनेक विस



क्षेत्र का विकास होगा। इससे पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नवनिर्वाचित सभी विधायकों को सम्मानित किया। इसके बाद उन्होंने पार्टी की सभी कमेटियों को भंग करने और अप्रैल के पहले सप्ताह में नई कमेटी के गठन की घोषणा किया। इस मौके पर पार्टी कार्यकारी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष पटेल समेत सभी विधायक व प्रदेश पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के मामले में सजा का पैमाना पीड़िता की सामाजिक स्थिति से तय नहीं होता : हाईकोर्ट

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि दुष्कर्म के मामले में सजा का पैमाना पीड़िता या आरोपी की सामाजिक स्थिति पर निर्भर नहीं कर सकता है। यह अभियुक्त के आचरण, यौन प्रताड़ित महिला की स्थिति, उम्र और आपराधिक कृत्य की गंभीरता पर निर्भर होना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि महिलाओं पर होने वाली हिंसा के अपराधों से सख्ती से निपटने की जरूरत है। समाज की सुरक्षा और अपराधी को रोकना कानून का स्वीकृत उद्देश्य है और इसे उचित सजा देकर हासिल करना आवश्यक है। यह आदेश न्यायमूर्ति सुनीत कुमार और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश त्रिपाठी की खंडपीठ ने भूरा की आजीवन उम्रकैद की सजा को कम करते हुए सुनाया है। कोर्ट ने मामले में याची की उम्रकैद की सजा को अधिक बताते हुए उसे घटाकर 13 साल कर दिया और जुर्माने की राशि भी पांच हजार से कम कर तीन हजार कर दी। कोर्ट ने कहा कि घटना के समय पीड़िता की उम्र करीब 14 साल और आरोपी की उम्र 19 साल थी। आरोपी विवाहित था और पीड़िता बाद में शादी कर सुखमय जीवन व्यतीत कर रही है। याची वर्तमान में 32 वर्ष का है। धारा 376 (जी) आईपीसी के तहत आरोप के लिए 13 साल की कैद का प्रावधान है। इसलिए वर्तमान तथ्यों, परिस्थितियों और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित कानून को देखाते हुए आरोपी को उम्रकैद की सजा के बजाय 13 साल की सजा पर्याप्त होगी। यह था मामला याची के खिलाफ मेरठ जिले के दौराला थाने में वर्ष 2009 में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। आरोप था कि याची और उसके साथी राहुल ने पीड़िता को नशीला पदार्थ सुंघाकर उसके साथ जबरदस्ती की। निचली अदालत ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। याची ने निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी थी। दुष्कर्म एक गंभीर अपराध कोर्ट ने कहा कि दुष्कर्म का अपराध गंभीर अपराध है। शारीरिक घाव ठीक हो सकता है, लेकिन मानसिक घाव हमेशा बना रहता है। कोर्ट ने कहा कि सजा सुनाने वाले न्यायालयों से अपेक्षा की जाती है कि वे सजा के प्रश्न से संबंधित सभी प्रासंगिक तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार करें और अपराध की गंभीरता के अनुरूप सजा दें। अपराध के प्रति सार्वजनिक घृणा को न्यायालय द्वारा उचित सजा के अधिरोपण के माध्यम से प्रतिबिंबित करने की आवश्यकता है। इस तरह के जघन्य अपराध के मामले में दया दिखाना न्याय का उपहास होगा और नरमी की दलील पूरी तरह से गलत है।

# जमीनी विवाद में धारदार हथियार से हमले के साथ साथ जमकर बरशी लाठियां

सुल्तानपुर ब्यूरो : एक तरफ जहां पुलिस जिले में सकुशल वोटो की गिनती करवाने में मशगूल था।वही दबंगो में जमीनी में खूनी खेल को अंजाम दे डाला 'मामला दोस्तपुर थाना क्षेत्र के बढ़ौली गांव का है' जहाँ जमीनी विवाद में धारदार हथियार से हमला तो हुआ ही साथ ही साथ लाठियां में जमकर बरशी 'पीड़ित अनिल गौड़ की माने तो जब वह अपने खेत मे काम कर रहा था तो उस समय संतोष, उमाकांत, शशांक, प्रशांत व विवेक गौड़,लाठी डंडों से लैस होकर कुल्हाड़ी से साथ हमला बोल दिए' पीड़ित अनिल गौड़ अपनी जान बचाकर अपने घर तरफ भागा और दबंगो के भय से घर मे जा घुसा।लेकिन मनबढ़ दबंगो ने घर मे घुसकर पीड़ित सहित परिवारों वालो हमला बोल दिया 'अनिल गौड़ के बचाव में उतरे पुत्र अनुराग पुत्री रिया व रितु को भी जमकर पीटा' लहूलुहान सभी घायलों को इलाज के लिए ग्रामीणों की मदद से सीएचसी दोस्तपुर लाया गया जहां हालत गंभीर देखते हुए सीएचसी से डॉक्टरों में जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।जिला चिकित्सालय में भी घायल अनिल गौड़ की हालत गंभीर बनी हुई है 'बताते चले कि तीन माह पूर्व भी इसी जमीन बटवारे को लेकर मारपीट की घटना घट चुकी है।जिसकी विवेचना अभी लंबित है।वही पीड़ित का आरोप है कि अगर पुलिस ने समय रहते कार्यवाही की होती तो आज दोबारा ये मनबढ़ दबंग इस तरह की घटना कारित करने का दुस्साहस ना करते' अनिल गौड़ के पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है और आगे की कार्यवाही का पुलिस ने आश्वासन दिया है।फिलहाल आज पूरे मामले से पीड़िता ने पुलिस कप्तान को औगत करवाया है और न्याय की गोहार लगाई है।

# सुल्तानपुर की इसौली सीट पर सपा ने हैट्रिक लगाई

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : यहां मोदी मैजिक इस बार भी नहीं चला। वैसे 269 वोटों की जीत से सपाई गदगद हैं, लेकिन इसमें सपा के लिए आगे के लिए संकेत साफ है। खासकर सपा से जीते प्रत्याशी ताहिर खान के लिए, जिन्हें सांसद बनने के बाद विधायक बनने में 13 साल लग गए। 2009 में हार गए थे सांसद का चुनाव ताहिर खान वर्ष 2004 में बसपा के सिंबल पर सुल्तानपुर सीट से लोकसभा का चुनाव जीते थे। उन्हें 2 लाख 61 हजार 564 वोट मिले थे। ताहिर ने सपा के शैलेंद्र प्रताप सिंह को 1,01,810 वोटों से हराया था। इस चुनाव में कांग्रेस के दिग्गज नेता कैप्टन सतीश शर्मा 1,54,245 वोट पाकर तीसरे पायदान पर थे। इसके बाद 2009 का लोकसभा चुनाव आया तो ताहिर खान ने बसपा के ही टिकट पर भाग्य आजमाया, लेकिन जनता ने 5 साल के कार्यकाल पर उनसे हिसाब चुकता किया। यह चुनाव कांग्रेस के डॉ. संजय सिंह ने 3,00,411 वोट पाकर जीत लिया। ताहिर को 2,01,632 वोट ही मिले। इस तरह ताहिर खान 2009 के चुनाव में 98,779 वोटों से पराजित हुए। 2012 में लड़ा विधानसभा चुनाव, मिली थी शिकस्त ताहिर खान यही नहीं रुके। सांसद का चुनाव हारने के बाद उन्हें विधायक बनने की सूझी तो उन्होंने 2012 के विधानसभा चुनाव में बसपा से दावेदारी ठोक दी। चुनाव हुआ तो सपा के अनूप संडा ने उन्हें पराजित कर दिया। इस चुनाव में संडा को 57,811 मत पड़े। जबकि ताहिर को 50,999 मत ही पड़े। इस तरह ताहिर खान 6,812 वोटों से चुनाव हारे। इसके बाद ताहिर ने 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले बसपा



को अलविदा कहा और सपा जॉइन कर ली। फिर 2017 के विधानसभा और 2019 के लोकसभा में टिकट के लिए जोर आजमाइश की, लेकिन बात नहीं बनी। 1999 में अमेठी से सोनिया गांधी के सामने ठोंकी थी ताल अब 2022 में उन्हें आखरी समय में सपा ने इसौली से टिकट दिया। तो वो मतगणना में भी अंतिम समय में जीत सके। उन्हें जहां 69,629 मत मिले तो वहीं बीजेपी से रनर रहे ओमप्रकाश पांडे बजरंगी को 69,360 वोट मिले हैं। बता दें कि ताहिर खान शहर के कस्बा स्थित पांचोंपीरन के मूल निवासी हैं। उन्होंने अपने राजनीतिक करियर का पहला चुनाव वर्ष 1999 में अमेठी में सोनिया गांधी के विरुद्ध लड़ा और पराजित हुए थे। साल 2002 में उन्होंने सुल्तानपुर की जयसिंहपुर विधानसभा सीट पर अपना दल के टिकट पर चुनाव लड़ा, लेकिन करीबी मुकाबले में उन्हें हार मिली थी।

# जिलाधिकारी द्वारा वि0ख0 दूबेपुर में स्थित सौरमऊ गौशाला का किया आकस्मिक निरीक्षण

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जिलाधिकारी रवीश गुप्ता द्वारा प्रभारी अधिकारी नगरीय निकाय मनोज कुमार पाण्डेय के साथ नगर पालिका परिषद सुलतानपुर, विकास खण्ड दूबेपुर में स्थित सौरमऊ गौशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद श्यामेन्द्र मोहन को निर्देशित करते हुए कहा कि गोशाला में निराश्रित गोवंशों की संख्या बढ़ायी जाये, जिसके लिये अभियान चलाकर नगर में घूम रहे निराश्रित गोवंशों को पकड़ा जाये। साथ ही मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को पत्र प्रेषित कर एक चिकित्सक को गोशाला से सम्बद्ध कर साप्ताहिक आख्या जिलाधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा केयरटेकर को विशेष रूप से रूकने के निर्देश दिये गये एवं गोवंश के चारा एवं भूषे की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में होने के लिये निर्देशित किया गया।



जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि गोवंश के खान–पान एवं साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देते हुए दैनिक सत्यापन/निरीक्षण कर आवश्यक चिकित्सा सुविधा मुहैया कराएं।

# दुकानदारों पर बकाया 2.10 करोड़ रुपये की अब होगी वसूली : नगर आयुक्त अविनाश सिंह

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर शहर के विभिन्न इलाकों में नगर निगम की दुकानों पर दो करोड़ रुपये से भी ज्यादा किराया बकाया है। बकाया वसूली के लिए नगर आयुक्त अविनाश सिंह ने सभी पांच जोनों में जोनल अधिकारी के नेतृत्व में कमेटी गठित कर दी है। बकाया नहीं चुकाने पर नगर निगम इन दुकानों को सीज कर देगा। जोन संख्या एक में 170 असुरन पिपराइच रोड प्रथम तल पर 47,98,803 रुपये बकाया है। 126 असुरन पिपराइच रोड भूतल पर 19,35,954 रुपये, 117 चारूचन्दपुरी पर 17,84,803 रुपये बकाया है। नगर आयुक्त इन दुकानदारों से बकाया वसूली के लिए कर अधीक्षक बीके लाल, राजस्व निरीक्षक राम सूचित और रिजवान की टीम बनाई है। वहीं जोन संख्या दो में 187 महेवा बेसमेंट भूतल पर 19,32,868 रुपये बकाया है। वसूली के लिए कर अधीक्षक विपुल विक्रम राय के अलावा विनोद और अमर श्रीवास्तव की टीम बनाई है। जोन संख्या तीन में रेलवे बस स्टेशन पर कुल 17,02,437 रुपये, 112 रीड साहब धर्मशाला भूतल पर 16,01,800 रुपये बकाया है। वसूली के लिए कर अधीक्षक बीके लाल, कर अधीक्षक के अलावा राजस्व निरीक्षक राम सूचित और रिजवान की टीम तैयार की है। 142 नर्स हास्टल के सामने प्रथम तल कुल बकाया 15,08,045 रुपये है। 105 जलकल गेट से उत्तर प्रथम तल कुल बकाया 14,85,845 रुपये बकाया है। वसूली के लिए कर अधीक्षक विपुल विक्रम राय, के अलावा विनोद और अमर श्रीवास्तव की टीम बनाई है। जोन संख्या पांच में 198 असुरन धर्मशाला शापिंग कांपलेक्स पर 30,78,668 रुपये बकाया है। वसूली के लिए कर अधीक्षक बीके लाल के अलावा राम सूचित और रिजवान की टीम बनाई गई है। 176 हड़हवा फाटक कुल बकाया 19,72,269.00 रुपये बकाया वसूली के लिए कर अधीक्षक विपुल विक्रम राय के अलावा विनोद और अमर श्रीवास्तव की टीम बनाई है। नगर आयुक्त अविनाश सिंह ने बताया कि सभी वसूली के दौरान प्रवर्तन टीम मौजूद रहेगी।



# बिजनौर 11 दिन से लापता चल रहे दंपती की हत्या : घर में ही दबे मिले शव : महिला ने ऐसे दिया वारदात को अंजाम

बिजनौर ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के बिजनौर में पिछले 11 दिन से लापता चल रहे दंपती की हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपी महिला समेत चार को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो हत्या की वारदात का सच सामने आया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर दंपति के शव बरामद कर लिए हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। बिजनौर जनपद में पिछले 11 दिनों से लापता चल रहे राजेश अग्रवाल 50 और उनकी पत्नी बबीता की डेड बॉडी को पुलिस ने बरामद कर लिया है। हमीदपुर गांव की रहने वाली एक महिला रोमा ने अपने एक मित्र के साथ मिलकर दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिलाया। बताया गया कि रोमा का अग्रवाल दंपती के घर पर काफी आना–जाना था, जिस ने दोनों की हत्या कराने के बाद अपने ही घर में शव दफना दिए। एक बॉडी पशुशाला के अंदर दबा दी थी जबकि दूसरी बॉडी आंगन में दबा दी। पुलिस ने रोमा को हिरासत में लेने के बाद पूछताछ की तो दोहरे हत्याकांड का खुलासा हुआ। दोहरा हत्याकांड प्रेम प्रसंग और प्रॉपर्टी को लेकर किया गया। हत्याकांड में एक रसीदपुर गढ़ी का रहने वाला मुकेश शामिल है जोकि रोमा का दोस्त बताया जा रहा है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि राजेश अग्रवाल के रोमा से प्रेम संबंध थे। वहीं रोमा के प्रेम संबंध रसीदपुर घड़ी के मुकेश के साथ भी थे। निसंतान अग्रवाल दंपती के मकान और दुकान पर कब्जा करने की नियत से रोमा ने अपने दूसरे प्रेमी मुकेश के साथ मिलकर इस दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिलाया। हालांकि पुलिस ने रोमा और उसके बेटे तथा मुकेश और मुकेश के भाई को हिरासत में लिया है। इनसे पूछताछ की जा रही है।

# पुनः योगी सरकार बनने की खुशी में महिलाओं ने खेली भगवा होली

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रदेश में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दोबारा जीत व नगर विधायक गिरीश चंद यादव की पुनः जीत पर महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रागनी सिंह के नेतृत्व में पालिटेक्निक स्थिति कुमकुम काम्पलेक्स मे महिला मोर्चा की सभी पदाधिकारियों के साथ योगी सरकार के पुनः प्रचण्ड बहुमत से जीतने के उपलक्ष्य मे भगवा होली खेली गई। इस दौरान महिला कार्यकर्ताओं द्वारा जमकर अबीर और गुलाल उड़ाए गए साथ ही जय श्री राम व योगी मोदी के नाम के जयकारे भी लगाए गए जिससे पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। योगी सरकार पुनः बनने पर महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस दौरान महिला संगठन के पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि योगी सरकार में ही महिलाओं का हित सुरक्षित है जो सुविधाएं योगी सरकार में महिलाओं को मिली वह आज तक किसी सरकार में नहीं मिली थी इससे साफ जाहिर है कि इस बार के मतदान में महिलाओं की सराहनीय महत्वपूर्ण भूमिका रही यहां तक कि मुस्लिम महिलाओं ने भी जमकर योगी सरकार को मतदान किया जो भारतीय जनता पार्टी की लोकप्रियता दर्शाता है। उक्त अवसर पर राष्ट्र सेविका समिति की श्रीमती वंदना सरकार पुर्व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष एवम





बाल कल्याण विभाग की सदस्या माधुरी गुप्ता ,किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य व पुर्व जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती अंजु पाठक जी ,जिला महामंत्री महिला मोर्चा विमला श्रीवास्तव ,जिला उपाध्यक्ष राखी सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रियंका श्रीवास्तव ,जिला उपाध्यक्ष दिव्या सिंह ,अंशु कुशवाहा करुणा मौर्या, नगर दक्षिणी मंडल अध्यक्ष सीमा तिवारी, पिंकी सिंह जी ,प्रमिला सिंह ,रोली सिंह उपस्थिति रही।

# भाजपा की जीत राष्ट्रवादी विचार धारा की जीत : डॉ राघवेंद्र शुक्ला

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोमतीनगर जन कल्याण महासमिति महिला प्रभारी द्वारा राष्ट्रवादी विचारधारा की जीत बताते हुए



भारतीय जनता पार्टी की जीत पर विश्वास खंड, विराम खंड गोमती नगर लखनऊ में जश्न मनाया गया। इस अवसर पर खूब गुलाल उड़ाई गई तथा मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर तमाम समाजसेवी एवं समस्त महिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य मानव का सबसे बड़ा धनः डॉ. रसिकेश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना परिषद इकाई विशेष शिविर के चौथे दिन स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के बारे में गोष्ठी एवं जन जागरूकता रैली का जासोपुर गांव में आयोजन किया गया। बतौर मुख्य वक्ता प्रबंध संकाय के डॉ रसिकेश ने कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा धन स्वास्थ्य ही है यह तभी संभव है जब स्वयंसेवक एवं सेविकाओं के अंदर स्वच्छ रहने के गुण विकसित होंगे। स्वास्थ्य स्वच्छता दोनों





मनुष्य की सबसे बड़ी ताकत है। विशिष्ट वक्ता के रूप में फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ राजीव कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा जो स्वास्थ्य एवं स्वच्छता की मिसाल समाज में बनाया जा रहा है इसके लिए सभी स्वयंसेवक धन्यवाद के पात्र हैं । जागरूकता रैली में शामिल छात्र आलिंद कुमार श्रीवास्तव द्वारा –पढ़ लो बहनों ,पढ़ लो भाई । पढ़ना लिखना है सुखदाई एवं विकास शर्मा द्वारा मानव मानव एक समान।जात पात का मिटे निशान का उत्प्रेरक उद्बोधन दिया। गोष्ठी के आयोजन कर्ता आलोक कुमार मौर्य एवं धन्यवाद ज्ञापन विवेक कुमार पांडेय ने किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ अमरेंद्र कुमार सिंह डॉ विनय वर्मा, डॉक्टर शशिकांत यादव एवम डॉ रेखा पाल की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर शिक्षक डॉ आलोक कुमार दास, डॉक्टर पूजा सक्सेना, डॉक्टर झांसी मिश्रा एवं कर्मचारी शांति प्रकाश मित्र ,हेमंत दुबे, प्रशांत यादव बृजेश कुमार सिंह छात्र स्वयंसेवक ,सेविका अर्पित कुमार श्रीवास्तव , प्रज्ञा अस्थाना,अवनीश यादव ,अरुण यादव ,आलोक कुमार मिश्रा ,राकेश कुमार , दिव्यांशु सिंह,विशाल मौर्य ,आनंद कुमार योगेंद्र कुमार, खुशाग्री श्रीवास्तव, रिवांशी साहू उपस्थित रहे।

# जनता को अब सरकार के एजेंडे का इंतजार : चुनाव के दौरान तमाम समस्याओं को उठाया

लखनऊ ब्यूरो : 18 वीं विधानसभा के चुनाव में ऐतिहासिक जनादेश पाने के बाद योगी सरकार की दूसरी पारी शुरू होने वाली है। इसी के साथ नई पारी में काम की प्राथमिकताओं के एजेंडे पर भी माथापच्ची शुरू हो गई है। इसमें जनता से किए गए वादे तो होंगे ही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान जनता के बीच से आने वाले मुद्दों के समाधान को लेकर की गई घोषणाएं भी होंगी। नई सरकार पर उन मुद्दों पर भी प्राथमिकता से काम की जिम्मेदारी है, जिन पर रणनीति के तहत चुप्पी साधे रखी गईं। कई मुद्दे ऐसे हैं जो चुनाव भर प्रत्याशियों से लेकर रणनीतिकारों व स्टार प्रचारकों को बेचैन किए रहे। पर, जनता ने कई वजहों से नाराजगी व्यक्त करने के बावजूद वोट दे दिया। प्रचंड जनादेश के साथ सत्ता में वापसी के बाद ऐसे मुददों की पुनरावृत्ति रोकने व उनके समाधान पर भी नजरें होंगी। इन मुद्दों की उपेक्षा अगले लोकसभा चुनाव में फिर चुनौती के रूप में सामने आ सकती है। छुट्टा गोवंश की समस्या का समाधान हो सबसे बड़ी प्राथमिकता छुट्टा गोवंश से फसलों का बड़ा नुकसान हो रहा है। योगी सरकार ने इस समस्या के समाधान के लिए बड़ी संख्या में गोवंश संरक्षण केंद्र खोले। सैकड़ों करोड़ के बजट जारी किए। पर, इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया। किसान पूरी ठंड रात–रात जगकर फसल रखाते नजर आए। हालात ये रहे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपनी चुनावी सभाओं में इस समस्या के समाधान के लिए अपनी ओर से आश्वासन देना पड़ा। नतीजा ये हुआ कि आम किसानों ने मोदी की बात पर भरोसा किया और सरकार से नाराजगी के बावजूद भाजपा के पक्ष में वोट किया। इस मुददे पर सबसे प्राथमिकता पर काम कर समाधान करना होगा। मौजूदा व्यवस्था में पशुपालन विभाग के जरिए पशुओं को पकड़ने व रखरखाव की दोषपूर्ण व्यवस्था को खत्म कर जवाबदेह विभाग के जरिए समाधान का मैकेनिज्म डवलप करना होगा। समय से गन्ना मूल्य न मिले तो ब्याज दिलाने के वादे पर हो अमल पश्चिम यूपी में विपक्षी दलों ने गन्ना मूल्य भुगतान में देरी का मुददा उठाया। सरकार ने हजारों करोड़ रुपये गन्ना मूल्य भुगतान के आंकड़े देकर इन आरोपों से पार पाने की कोशिश की। मगर, सच्चाई ये है कि 2017 के चुनाव संकल्प पत्र में 15 दिन के भीतर गन्ना मूल्य भुगतान व ऐसा न होने पर ब्याज दिलाने का वादा सरकार पूरा नहीं कर पाई। भाजपा ने इस बार घोषणा पत्र में 14 दिन में गन्ना मूल्य भुगतान न होने पर ब्याज दिलाने का वादा किया है। पार्टी नेताओं ने जगह–जगह किसानों को ये आश्वासन दिए हैं। नई सरकार को इस वादे पर प्राथमिकता से अमल करना चाहिए। एमएसपी पर फसल खरीद की अड़चनें हों दूर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसलों की बंपर खरीद हो रही है। मगर, खरीद प्रणाली में खामियों की वजह से किसानों को अभी भी उपज बेचने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पूरे चुनाव में किसानों के बीच यह मुद्दा रहा। बड़ी संख्या में किसान यह शिकायत करते नजर आए कि उन्हें या तो किसी प्रभावशाली व्यक्ति की सिफारिश कराकर उपज बेचनी पड़ी या बाजार में कम मूल्य पर बेच देनी पड़ी। चुनाव के दौरान कई प्रगतिशील किसानों की ओर से धान की जगह चावल खरीद के विकल्प पर विचार का सुझाव आया है। इसकी व्यवहारिकता पर विचार किया जा सकता है। इससे स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर चावल तैयार करने वाली छोटी–छोटी मिलों को स्थापित करने का अवसर बढ़ेगा, जिससे बड़े स्तर पर रोजगार पैदा हो सकेगा। भर्तियों में अभ्यर्थियों के मुद्दे पूरे चुनाव बेरोजगारी का मुद्दा छाया रहा। खासकर सरकारी भर्तियों में चयन आयोग के जिम्मेदार लोगों व एक्सपर्ट पर मिलीभगत कर भर्ती परीक्षा में अस्पष्ट तथा बड़ी संख्या में त्रुटिपूर्ण सवाल पूछने की बात करते युवा मिले। युवाओं का आरोप है कि हिंदी व अंग्रेजी में एक ही सवाल में स्पेलिंग त्रुटि कर सवाल को विवादित बनाया जाता है। इसके बाद अपने हिसाब से उसकी व्याख्या कर उसे गलत–सही साबित करने का खेल होता है। इससे भर्तियां विवादित होती हैं और युवा कोर्ट–कचहरी का चक्कर लगाने को मजबूर होते हैं। भर्ती प्रणाली की विश्वसनीयता भी प्रभावित होती है। इसके अलावा भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक होने व भर्तियां पूरी करने में कई–कई वर्ष लगाने का मामला उठा। आउटसोर्सिंग भर्तियों से असुरक्षित भविष्य की चिंता जताने वाले युवा भी खूब मिले। इन मुद्दों पर ध्यान दिए जाने की जरूरत है। पुरानी पेंशन के मुद्दे का तोड़ प्रदेश के लाखों कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन का मुद्दा बनाया। सपा ने इसे अपने घोषणापत्र में शामिल किया था। चुनाव बाद ईवीएम में भले इसका स्पष्ट असर नहीं दिखा, लेकिन बैलेट के वोट ने कर्मचारियों की आवाज सामने ला दी है। बताया जा रहा है कि पूर्व के चुनावों में बैलट वोटों में भाजपा का दबदबा हुआ करता था। इस बार बड़ी संख्या में सीटों पर सपा प्रत्याशियों को बैलेट वोट ज्यादा मिले हैं। कई सीटों का फैसला बैलट वोट के जरिए हुआ। सपा की सीटों में बड़ी बढ़ोत्तरी में कर्मचारियों की भूमिका का आकलन किया जा रहा है। इसके अलावा कर्मचारियों का एक बड़ा वर्ग ऐसा भी था, जो मुद्दे के पक्ष में होने के बावजूद संघ–भाजपा की पृष्ठभूमि, बेहतर कानून–व्यवस्था व गवर्नेंस के नाम पर भाजपा को वोट किया। ऐसे में कर्मचारियों में बुढ़ापे की लाठी के तौर पर देखी जा रही पुरानी पेंशन से जुड़े मुद्दे का तार्किक व स्वीकार्य समाधान करना चाहिए। लंबे समय तक इस मुद्दे को लटकाने से बात बनने वाली नहीं है। कई दूसरे राज्यों ने पुरानी पेंशन बहाली का एलान कर माहौल बनाने का काम शुरू कर दिया है। इसके अलावा कर्मचारियों की पदोन्नति, एसीपी स्वीकृति, वेतन विसंगति जैसी समस्याओं के समाधान की पुख्ता व्यवस्था तय समयसीमा में अफसरों की जिम्मेदारी के साथ की जानी चाहिए। महंगाई पर नियंत्रण को बनाया जाए मैकेनिज्म पूरे चुनाव के दौरान महंगाई की समस्या छाई रही। गरीबों ने मुफ्त राशन, विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत नकद हस्तांतरण जैसे लाभों की वजह से विपक्ष के इन बातों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया। हालांकि, तमाम लोग यह मुद्दा उठाते मिले। पर, मध्यवर्ग हर जगह महंगाई की चर्चा करता नजर आया। आवश्यक वस्तुओं व खाद्य पदार्थों की लगातार बढ़ती कीमतों के साथ चुनाव बाद डीजल व पेट्रोल की कीमत में वृद्धि की आशंका जताते मिले। आवश्यक वस्तुओं की महंगाई पर नियंत्रण को लेकर एक मैकेनिज्म बनाने की जरूरत है, जिससे थोक व फुटकर सामानों की बिक्री में जमीन–आसमान का अंतर न रहे। गरीब परिवारों को इसी होली पर पहले गैस सिलेंडर का इंतजार है। भ्रष्टाचार रोकने के लिए इंड–टू–इंड हो संस्थागत सुधार आम लोगों ने सरकारी दफ्तरों व तहसीलों में भ्रष्टाचार पर अंकुश के लिए संस्थागत सुधारों के प्रयासों को सराहा है। ऑनलाइन सुविधाओं, ई–सिस्टम की पहल से तमाम सहूलियतें गिनाई हैं। लेकिन, सरकारी सिस्टम में प्रारंभ से अंत तक (इंड–टू–इंड) ई–सिस्टम की जगह रूट लेवल छोड़ कर बनाने से आने वाली समस्याएं भी गिनाई गईं हैं। मसलन, तहसीलों में अभी भी शिकायतों के निस्तारण व अन्य सुविधाओं से संबंधित कार्यों में लेखपालों व राजस्व निरीक्षकों से प्रारंभ स्तर पर मैनुअल रिपोर्ट ली जाती है। कागज में टीम से कार्य की बात होती है लेकिन मौके पर केवल लेखपाल के पल्ले छोड़कर लोगों को परेशान होने के लिए छोड़ दिया जाता है। ऐसे में तहसील प्रशासन की फील्ड से जुड़े कार्मिकों को प्रत्येक आदेश–निर्देश, कार्यवाही लिखित व ऑनलाइन दी जाए तथा पैमाइश विजुअल साक्ष्य के साथ किए जाने की व्यवस्था होने के सुझाव दिए गए हैं। इसी तरह अन्यय विभागों में इंड–टू–इंड पहल होनी चाहिए। नए विधायकों को प्रशिक्षण की जरूरत हाल के वर्षों में देखा गया है कि आम तौर पर नए विधायक काफी खर्चा करने के बाद चुनकर आते हैं। ऐसे में वह सबसे पहले अपनी माली हालत सुधारने में जुट जाते हैं। जनता को एक ही पंचवर्षीय कार्यकाल में नजर आने लगता है कि, उनका विधायक कहां से कहां पहुंच गया। कितनी संपत्ति थी और कितनी बना ली? जनता की जगह घर–परिवार व रिश्तेदारों को कहां–कहां फायदा पहुंचाया? ऐसे तमाम विधायक व मंत्री शासन–सत्ता के लाभ व विधानसभा और सचिवालय की चकाचौंध में क्षेत्र से कटने लगते हैं। पहली बार जीते विधायकों को मंत्री बनाने के चलन से यह समस्या और उभर आई है। बिना किसी संसदीय अनुभव सीधे मंत्री बनाने से उनकी जिम्मेदारी बढ़ जाती है और कई लोग क्षेत्र व सरकार में संतुलन बनाने में सफल नहीं हो पाते। दूसरा, पहली बार के विधायक को मंत्री बनाने से कई–कई बार जीतने के बावजूद अवसर न पाने वाले वरिष्ठ विधायकों में कुंठा भी बढ़ती है। आज सोशल मीडिया के जमाने में कुछ भी छिपा नहीं रहता। ऐसे विधायक सत्ता विरोधी लहर की वजह बन जाते हैं। इस विधानसभा चुनाव में विधायकों की छवि बड़े मुद्दे के रूप में उभरी। पूरे प्रदेश में जनता खुले तौर पर कहती मिली कि यदि मौजूदा प्रतिनिधि का टिकट काटकर नए को दे दिया जाए तो वह जरूर समर्थन देगी। सरकार की जगह प्रत्याशी से नाराजगी है। इस फीडबैक पर सत्ताधारी दल को बड़ी संख्या में अपने विधायकों के टिकट काटने पड़े। आवश्यकता होने के बावजूद जहां टिकट नहीं काटा जा सका, वहां स्टार प्रचारकों को प्रत्याशियों की छवि को नजरंदाज कर अपने नाम पर वोट मांगने पड़े। इसके लिए विधायकों के आचरण पर निगहबानी व समय–समय पर प्रशिक्षण दिए जाने की जरूरत है। ये मुद्दे भी अहम – बेटियों व महिलाओं ने कानून–व्यवस्था में सुधार पर भरोसा जताया जिसे लगातार बेहतर करने के प्रयास हों। – माफियाओं व दबंगों के खिलाफ कार्रवाई से बनी 'बुलडोजर बाबा' की छवि कायम रखना व कार्रवाई में भेदभाव के आरोप से बचा जाए। – मोदी व योगी सरकार की गरीबों के मददगार की छवि उभरी है। गरीबों की स्थिति पर लगातार नजर और आवश्यकतानुसार मदद। – आम मतदाताओं में धारणा बनाने वाले प्रकरणों में खराब संदेश देने वाले फैसलों से बचने की कोशिश व पारदर्शी कार्रवाई।

# तिलकधारी महिला महाविद्यालय जौनपुर में विशेष शिविर के चौथे दिन "हम होंगे कामयाब" का किया सामूहिक गान

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : "राष्ट्रीय सेवा योजना" तिलकधारी महिला महाविद्यालय जौनपुर में विशेष शिविर के आज चौथे दिन वीणावादिनी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर सभी स्वयं सेविकाओं ने अपने कार्यक्रम अधिकारियों के साथ प्रार्थना किया और "हम होंगे कामयाब" का सामूहिक रूप से गान किया।तत्पश्चात पीटी किया आज स्वच्छता पर रैली निकालने के लिए सभी स्वयंसेवी काय महाविद्यालय के गेट पर अपने कार्यक्रम अधिकारियों के नेतृत्व में कतार बंद हो कर खड़ी हो गई इस रैली को हरी झंडी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ वंदना सिंह एवं उप प्राचार्य डॉ प्रमिला पांडे ने दिखाकर रवाना किया। स्वयं सेविकाओं ने नगर भ्रमण करते हुए आज गोमती नदी के गोपी घाट की सफाई की तत्पश्चात मलिन बस्तियों में जाकर कन्या भ्रूण हत्या एवं साक्षरता के प्रति भी लोगों को जागरूक किया तथा जल संचय के प्रति आगाह किया आज के बौद्धिक सत्र के मुख्य वक्ता श्री कन्हैया राय यातायात उपनिरीक्षक और सत्यानंद तिवारी यातायात मुख्य आरक्षी रहे उन्होंने अपने उद्बोधन में सभी स्वयं सेविकाओं को यातायात के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि जरा सी असावधानी के कारण जिले में प्रतिवर्ष अनेक लोग सड़क हादसे का शिकार होकर अपनी जान गवा देते हैं ऐसे लोगों के परिवारों पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ता है दुर्घटना में मरने वालों का पूरा परिवार संकट में आ जाता है इसलिए हम सभी को सुरक्षित यातायात के लिए जागरूक होना होगा कार्यक्रम में आए हुए अतिथि का स्वागत कार्यक्रम अधिकारी डॉ शालिनी सिंह ने





किया धन्यवाद डॉ पूनम सिंह ने एवं संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजश्री सिंह ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वयंसेवी का नेहा खुशी सोनी शिवांगी रोज आकांक्षा रिया आदि का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# सिल्क इंडिया प्रदर्शनी में मॉडल्स ने किया सिल्क साड़ियों का प्रदर्शन

ब्यूरो चीफ आरएल पाण्डेय लखनऊ : राजधानी के केशर बाघ, बारादरी, में चल रही दस दिवसीय सिल्क इंडिया प्रदर्शनी में शनिवार को सिल्क थीम पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जब मॉडल्स सिल्क की साड़ियां पहनकर दर्शकों के सामने





आयी तो उनकी खूबसूरती के साथ सिल्क की चमक भी चारों ओर फैल गई। इस कार्यक्रम के दौरान मॉडल्स ने भारत के विभिन्न राज्यों के बुनकरों द्वारा तैयार किए गए साड़ियों का बहुत ही बेहतरीन ढंग से प्रदर्शन किया। उड़ीसा आर्ट एंड क्राफ्ट के प्रबंध निदेशक मानस आचार्य ने बताया कि इस आयोजन का मकसद बुनकरों की कला को लोगों को सामने लाना था। इस कार्यक्रम में प्रोफेशनल मॉडल्स ने देश भर के बुनकरों द्वारा तैयार वस्त्र पहनकर उनकी कला की नुमाइश की। एक से बढकर एक 15 मॉडल्स ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक के सिल्क उत्पादों को प्रदर्शित किया। कर्नाटक की कांजीवरम, बनारस की बनारसी, भागलपुर की कॉटन सिल्क, उड़ीसा की लिलम सिल्क सहित अन्य राज्यों की सिल्क साड़ियों को पहनकर जैसे ही मॉडल्स सामने आयी तो दर्शकों ने तालियों की गरगराहट के साथ उनका स्वागत किया। इस कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि मॉडल्स ने जिस प्रदेश की सिल्क साड़ियों की नुमाइश की वो उस प्रदेश के पारंपरिक वेस भूसा में थी जो इस कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना रहा था। विदित हो कि यह प्रदर्शनी 11 मार्च 2022 से 20 मार्च 2022 तक सुबह 10:30 बजे से रात8:30 बजे तक आयोजित की गयी है।

# निर्वाचन–2022 भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन हेतु संशोधित कार्यक्रम जारी

जौनपुर सू.वि. : उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया है कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन–2022 भारत निर्वाचन आयोग के पत्र द्वारा कार्यक्रम को संशोधित करते हुए स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन हेतु संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है तथा यह भी निर्देशित किया गया है कि उल्लिखित निर्वाचन क्षेत्र के सम्बन्ध में जो भी नाम निर्देशन पत्र 04 और 05 फरवरी, 2022 को भरे गये होगे उन पर भी ऐसे अन्य नाम निर्देशन पत्रों के साथ विचार किया जायेगा जो 15 मार्च 2022 से 19 मार्च 2022 तक भरे जा सकते है। नामांकन पुनः प्रारम्भ करने की तिथि 15 मार्च 2022, नाम निर्देशन हेतु अन्तिम दिनांक 19 मार्च 2022, नाम निर्देशनों की संवीक्षा हेतु 21 मार्च 2022, नाम वापसी हेतु अन्तिम दिनांक 23 मार्च 2022, मतदान 09 अप्रैल 2022, मतगणना 12 अप्रैल 2022, वह दिनांक जिसके पूर्व निर्वाचन पूर्ण कर लिया जायेगा 16 अप्रैल 2022 है।

## कम्पनियों द्वारा अप्रैन्टिसशिप मेले का किया जा रहा आयोजन

जौनपुर सू.वि. : प्रधानाचार्य राकेश कुमार ने अवगत कराया है कि राजकीय आई0टी0आई0 सिद्दीकपुर जौनपुर के कैम्पस में 15 मार्च 2022 को मिण्डा फुर्कवा बावल हरियाणा, स्माइल मदरसन नोएडा, एशियन आटोमोटिव लिमिटेड रोहतक हरियाणा, शिवशक्ति बायोटेक्नोलाजी वाराणसी द्वारा कैम्पस सेलेक्शन व जौनपुर सतहरिया की कम्पनियों द्वारा अप्रैन्टिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें इच्छुक अभ्यर्थी जो राजकीय/निजी आई0टी0आई0 के ट्रेड– फिटर, इलेक्ट्रीशियन, टर्नर, मशीनिष्ट, इलेक्ट्रानिक मैकेनिक, मैकेनिक मोटर व्हीकल जिनकी उम्र 18 से 30 वर्ष हों वे अपने समस्त मूल प्रमाणपत्रों व छायाप्रति, फोटो, आधार कार्ड व बायोडाटा इत्यादि के साथ समय प्रातः 10 बजे राजकीय आई0टी0आई0 सिद्दीकपुर जौनपुर के कैम्पस में उपस्थित होकर कैम्पस सेलेक्शन व अपैरन्टिसशिप मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

# स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कार्यक्रम घोषित

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा अवगत कराया गया है कि आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश विधान परिषद की स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कार्यक्रम घोषित किया जा चुका है। उक्त निर्वाचन को समयबद्ध ढंग से सफलतापूर्वक सम्पादित किये जाने हेतु चुनाव संबंधी विभिन्न अनुभागों के लिए प्रभारी अधिकारी तथा सहायक प्रभारी अधिकारिय की तैनाती किया जाना नितान्त आवश्यक है। विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 हेतु पृथक–पृथक अनुभागवार नियुक्त समस्त प्रभारी अधिकारी तथा सहायक प्रभारी अधिकारी अपने–अपने अनुभाग अनुसार उत्तर प्रदेश विधान परिषद के जौनपुर स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन से संबंधित समस्त कार्यों को निष्पादित करेंगे।

## परिसर परीक्षाएं 23 से : कार्यक्रम हुआ जारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के परिसर में संचालित एमबीए, फार्मेसी, बायोटेक्नोलॉजी, विज्ञान संकाय , माइक्रोबायलॉजी, बी कॉम आनर्स, बीसीए, इंजीनियरिंग संस्थान, कंप्यूटर एप्लिकेशन, बी एससी,मास कम्युनिकेशन, एप्लाइड साइक्लोजी,पर्यावरण विज्ञान , बायोकेमिस्ट्री आदि के लगभग 6000 छात्रों की विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं 23 मार्च 2022 से शुरू होंगी। कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस मौर्य के आदेश पर परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह द्वारा केंद्र संख्या 1 और केंद्र संख्या 2 का क्रमशः परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया। केंद्राध्यक्ष द्वय डॉ रसिकेश और डॉ संजीव गंगवार ने परिसर के सभी छात्रों को निर्देश दिया है कि वे 14 मार्च के बाद अपने सम्बंधित विभागों से प्रवेश पत्र प्राप्त कर लें , प्रवेश पत्र न होने की दशा में परीक्षा में प्रतिभाग नहीं करने दिया जाएगा। सभी छात्र कोरोना के दृष्टिगत अपने मास्क, सेनेटाइजर और पानी की बोतल जरूर लाएंगे । परीक्षाएं दो पालियों में होगी और परीक्षा की सुचिता हेतु सचल दस्ता के औचक निरीक्षण की भी व्यवस्था की गई है। परीक्षा में सहायक केंद्राध्यक्ष के रूप में सुशील कुमार, डॉ विनय वर्मा, डॉ प्रमेन्द्र विक्रम सिंह , डॉ प्रभाकर सिंह व अशोक यादव आदि को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से टाइम टेबल डाउनलोड कर सकते है।

# अयोध्या के साथ ही सीएम योगी के लिए भी प्रतिष्ठा का प्रश्न थी अयोध्या : आखिरकार खिला कमल

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)सीएम योगी के लिये सबके प्रतिष्ठा की सीट राम नगरी अयोध्या रही।जिसपर इस सीट से चुनाव लड़ रहे वेद गुप्ता ने यह सीट एक बार फिर जीतकर यह भरोसा दिलाया कि इस क्षेत्र की जनता के दिल में योगी मोदी ही बसते है।मालूम हो कि इसी कड़ी में इससे पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने पद पर रहते सबसे ज्यादा अयोध्या का 45 फेरा लगाया, ।अयोध्या उन्हें प्रिय है तो उनकी प्रतिष्ठा से भी जुड़ी है।अयोध्या उन्हें प्रिय है तो उनकी प्रतिष्ठा से भी जुड़ी है।भारतीय जनता पार्टी के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए भी प्रतिष्ठा का प्रश्न अयोध्या सदर विधानसभा क्षेत्र अंतिम समय में गणित बदलने से हल हो गया।इस प्रतिष्ठा को बचाने के लिए अंतिम समय में अयोध्या के संतों और स्वयं योगी आदित्यनाथ को सड़क पर उतर कर मोर्चा संभालना पड़ा।सारी मेहनत सफल इस लिए हो गई क्योंकि विपक्षी के सजातीय मतों ने सभी मतभेद भुलाकर अयोध्या की आन बचाने के लिए समीकरण ही उलट दिया।वही बीते पांच साल से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यदि किसी क्षेत्र पर सर्वाधिक केंद्रित थे,वह थी अयोध्या। शपथ लेने के साथ अयोध्या के विकास को नया आयाम और रामनगरी की पहचान विश्व पर्यटन केंद्र में लाने के लिए उन्होंने त्वरित योजना भव्य दीपोत्सव प्रारंभ किया।भगवान राम की विशाल प्रतिमा स्थापित करने की योजना प्रारंभ कर दी।अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट प्रारंभ करने के लिए तेजी से प्रयास किए और अयोध्या की कायापलट वैश्विक पर्यटन मानक पर करने की योजना भी क्रियान्वयन के स्तर पर ले आए। अरबों खरबों की परियोजनाओं की झड़ी लगा दी। अयोध्या की आने वाले सभी राष्ट्रीय राजमार्ग के फोरलेन और सिक्सलेन की परियोजनाओं का क्रियान्वयन प्रारंभ करने के साथ ही अयोध्या की सीमा विस्तार और नगर निगम बनाने का काम भी किया था। बतौर मुख्यमंत्री उन्होंने जितने फेरे अयोध्या के लगाए, उतने कहीं के नहीं लगाए।इन सब के बावजूद इलाकाई विधायक की उदासीनता और विकास योजना को लेकर उपजी संशय की स्थिति ने सारे विकास और राम मंदिर निर्माण जैसे अहम कार्य पर पानी फिरता दिख रहा था। संतों के प्रयास से अयोध्या सदर की जीत से भाजपा की उसके गढ़ में नाक बची तो उल्लास छा गया है। अयोध्या के प्रमुख धमार्चार्यों ने हनुमानगढ़ी में लड्ड्‌डू चढ़ाकर



उसका प्रसाद बांटा। रामनगरी में जीत के उल्लास व संतों की में भाजपा की सरकार बनने से चहकती अयोध्या दिखी, बीकापुर व रुदौली में विपक्ष की कड़ी चुनौती का मुकाबला करने के बाद भी जीतने में मदद मिली।ऐसे में संत समाज और स्वयं योगी आदित्यनाथ ने कमान संभाली और न केवल इस सीट की प्रतिष्ठा बचा ली बल्कि दो और फंसी सीटों की नैया पार लगा दी।बीकापुर और रुदौली में विपक्ष की कड़ी चुनौती का मुकाबला करने के बाद भी जीतने में मदद मिल गई।हालांकि मुख्यमंत्री के सजातीय मतों ने अयोध्या जिले की गोसाईगंज सीट का समीकरण गड़बड़ा दिया और वहां उनकी सभाएं काम नहीं आईं। पड़ोसी जिले अंबेडकर नगर से सटी इस सीट पर पड़ोस का असर रहा और यह सीट बच नहीं सकी, जबकि जिले के विकास की योजनाओं का सर्वाधिक लाभ इस क्षेत्र को ही मिलेगा।मिल्कीपुर में प्रत्याशी बदलने की मांग की अनदेखी ने वहां विपक्ष की राह आसान की, वहीं प्रसिद्ध वैष्णवपीठ श्रीरामवल्लभाकुंज के प्रमुख व नित्य सरयू आरती के संरक्षक स्वामी राजकुमार दास कहते हैं कि साधु के लिए देश व धर्म महत्वपूर्ण है और जो इसके लिए काम करेगा वह हम सभी के लिए प्रिय होगा ही। एक तो सीएम योगी आदित्यनाथ साधु हैं और वे अयोध्या से बेहद प्रेम करते हैं। भगवान श्रीराम व हनुमानजी के प्रति उनका समर्पण जगजाहिर हैसहम सभी संतों का जो फर्ज था उसे किया और अंतिम सांस तक करते ही रहेंगेस राजा को प्रजा के लिए समर्पित होगा चाहिए और यह सारे गुण पीएम नरेंद्र मोदी व सीएम योगी आदित्यनाथ में मौजूद हैं।

# अधिवक्ताओं ने रुदौली विधायक रामचंद्र यादव को मंत्री बनाने की उठाई मांग

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश में प्रचंड बहुमत की सरकार बनने के बाद सर्व समाज के साथ विद्वत अधिवक्ता समाज भी मुदित है। खुशी का इजहार करते हुए अधिवक्ताओं में जमकर मिठाई बांटी गई और जीत की केंद्रीय नेतृत्व के साथ देव तुल्य जनता को भी बधाई दी गई। वरिष्ठ अधिवक्ता भारतीय जनता पार्टी के पूर्व क्षेत्रीय नेता पूर्व एमएलसी प्रत्याशी वीर भानु प्रताप सिंह ने अयोध्या जिले से सर्वाधिक मतों से तीसरी बार विजयी हुए लोकप्रिय विधायक विधानसभा रुदौली रामचंद्र यादव को मंत्रिमंडल में स्थान दिलाने पर अयोध्या जिले का सर्वांगीण विकास होगा और आम जनता एवं कार्यकर्ताओं का सम्मान एवं उत्साह भी बढ़ेगा ऐसा अधिवक्ता समाज का मानना है कि इस जन चर्चा में वरिष्ठ अधिवक्ता दिनकर पांडे विजित तिवारी आदित्य साही वासदेव सिंह राजेश सिंह हेमंत दुबे राजीव पांडे बार एसोसिएशन के पूर्व मंत्री सतीश श्रीवास्तव आदि सर्व समाज से यह तय पाया कि तीन बार के विधायक रामचंद्र यादव को योगी आदित्यनाथ के मंत्रिमंडल में सम्मिलित करने से निष्ठावान कार्यकर्ताओं और और भारतीय जनता पार्टी से जुड़े कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ जाएगी।ज्ञातव्य है कि रामचंद्र यादव जनपद के सबसे जुझारू जनप्रतिनिधियों में से एक जमीनी नेता हैं।

## चुनाव हारने के बाद भी भाजपा प्रत्याशी ने लोगों के दिलों में बनाई जगह

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता)इस बार विधानसभा चुनाव 2022 के नतीजे अबकी बार जिले में चौंकाने वाली जरूर है। इसके बाद भी अयोध्या के सपा गोसाईगंज विधानसभा व मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के दूसरे स्थान पर रहने वाली भाजपा प्रत्याशियों ने रिकॉर्ड कायम किया है।पराजित होने के बावजूद तीनों क्षेत्रों के मतदाताओं के दिलों में अपनी जगह बनाने में पीछे नहीं है वर्ष 2017 के मुकाबले इस बार अधिक मत मिले हैं यह साबित कर दिया है कि उनके समर्थकों की संख्या बढ़ी है अपने कार्यस्थल के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपना पूरा फोकस अयोध्या के विकास पर रखा इस सीट पर भाजपा के वेद प्रकाश गुप्ता ने पूरे विश्व को संदेश देने के लिए तो सपा प्रत्याशी तेज नारायण पांडे ने पूरे विश्व सीट बीजेपी से छीन कर सपा की झोली में डालने के लिए पूरी ताकत झोंक दी थी इसी तरह गोसाईगंज की सीट दो बाहुबलियों बीजेपी से इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू की पत्नी आरती तिवारी व सपा से अभय सिंह के लिए वर्चस्व से जुड़ी थी वही मिल्कीपुर सीट पर बीजेपी प्रत्याशी गोरखनाथ बाबा तथा सपा के राष्ट्रीय सचिव अवधेश प्रसाद के बीच सीधी टक्कर होने के नाते सभी की निगाहें लगी थी इस चक्कर में तेज नारायण पांडे पवन आरती तिवारी और गोरखनाथ बाबा को भले ही पराजित होना पड़ा लेकिन पिछले चुनाव के मुकाबले अधिक मतों से इन तीनों प्रत्याशियों ने साबित कर दिया कि उनकी जगह मतदाताओं के दिलों में और बढ़ गई है जैसा कि पिछले वर्ष तेज नारायण पांडे पवन सपा को वर्ष 2017 में 56574 वोट मिले थे जबकि वर्ष 2022 में 93424 मिले उनकी बढ़त संख्या 36850 की है वहीं इंद्र प्रताप तिवारी आरती तिवारी बीजेपी 89339 2017 में मत मिले थे वहीं 2022 में 92794 उनकी संख्या 3445 की है जबकि बाबा गोरखनाथ बीजेपी 86960 सत्रह में मिले थे 2022 में इनको मत मिले हैं 90597 इनकी संख्या है 3607 अब आप खुद ही अंदाजा लगाएं कि इन लोगों ने अपने मतदाताओं के दिलों में जगह बनाई है।

# सट्टा खेलवाने वाले एक अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)जिले के कोतवाली नगर अंतर्गत पुलिस चौकी रिकाबगंज क्षेत्र में आने वाले ऋषि टोला राम जानकी मंदिर के पीछे सट्टा खिलाने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने का दावा किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रिकाबगंज चौकी इंचार्ज संदीप त्रिपाठी द्वारा रात्रि क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली एक अभियुक्त अपने घर के पास सट्टेबाजी का नंबर नोट कर रहा है चौकी इंचार्ज तत्काल अपने हमराही के साथ बताए गए स्थल पर पहुंचे तो सट्टेबाजी खिला रहा अभियुक्त पुलिस को देखकर भागने लगा पुलिस द्वारा दौरा कर पकड़े जाने पर अभियुक्त ने अपना नाम धीरज गुप्ता पुत्र श्री नाथ गुप्ता निवासी ऋषि टोला कोतवाली नगर जनपद अयोध्या बताया पुलिस की तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से एक कैलकुलेटर एक रसीद एवं 1750 रुपया नकद बरामद किया पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर धारा 13 जुआ एक्ट के अंतर्गत न्यायालय प्रस्तुत किया है।

## होली का त्योहार जैसे–जैसे नजदीक आ रहा है वैसे ही केमिकल युक्त खोया की लग रही भरमार

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)इस समयहोली का त्योहार जैसे–जैसे नजदीक आ रहा है। वैसे ही सूत्रों के मुताबिक केमिकल युक्त खोया भी कानपुर से जोरों पर शहर मे आना शुरू हो गया है प्राप्त जानकारी के अनुसार होली में खोए की ज्यादा खपत होने के कारण खोया विक्रेताओं एवं मिष्ठान विक्रेताओं द्वारा राज्य परिवहन निगम रोडवेज की बसों से प्रतिदिन रात्रि 2:00 बजे से लेकर प्रातः 5:00 बजे तक लाया जा रहा है चालक एवं परिचालकों द्वारा यात्रियों की सीट के नीचे उक्त बोरियां रख दी जाती हैं। जिसका अच्छा शुल्क चालक एवं परिचालक वसूलते हैं।रात्रि काल 2:00 से 5:00 के बीच अयोध्या दीपों के बाहर बने सुलभ शौचालय के निकट या बाहर पान की गुमटी के निकट चालक परिचालक उक्त केमिकल युक्त खोया कुलियों से उतरवाकर रखवा देते हैं और इसकी देखभाल रोडवेज गेट के निकट एक दुकानदार करता है। उक्त दुकानदार द्वारा खोए को मंगाने वाले के स्थानों पर भिजवाया जा रहा है।जिसके चलते इस मामले में अभी प्रशासन द्वारा और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# अयोध्या महानगर क्षेत्र की ईसीसी क्रियान्वयन कार्यशाला संपन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कंपोजिट विद्यालय पुलिस लाइन के प्रांगण में ब्लॉक स्तरीय ईसीसी क्रियान्वयन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर शिक्षा अधिकारी सुश्री रिचा सिंह एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी मीनाक्षी पांडेय के द्वारा सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इस कार्यशाला में क्रियान्वयन से संबंधित सभी प्रपत्रओं की सीडीपीओ अयोध्या के द्वारा कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए जानकारी विस्तृत रूप से देते हुए सभी को निर्देशित किया गया व कहा गया की इसका क्रियान्वयन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के द्वारा करके संकुल शिक्षकों तक पहुंचाना है। जनपद स्तर की जिला समन्वयक सुश्री मोहिता दीक्षित द्वारा कार्यशाला को विस्तृत दिशा निर्देश प्रदान किए गए। एसआरजी अंबिकेश त्रिपाठी द्वारा इस विषय पर विस्तार से कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही नगर शिक्षा अधिकारी रिचा सिंह ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व संकुल शिक्षकों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें पूर्ण मनोयोग से कार्यशाला में दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए शिक्षा दीक्षा देने की बात कहते हुए कार्यशाला का समापन किया गया। नगर क्षेत्र के संकुल शिक्षकों शशीधर द्विवेदी,रामानंद मौर्य, जुबेर शाहिद, प्रशिक्षक एआरपी अध्यापक योगेश्वर सिंह व अध्यापिका शिप्रा श्रीवास्तव द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## त्रिदिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का हुआ भव्य समापन

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) भारत स्काउट उत्तर प्रदेश जनपद अयोध्या के तत्वाधान में आयोजित यश विद्या मंदिर में कब बुलबुल स्काउट गाइड का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया इस अवसर पर बच्चों ने टेंट बनाना, प्राथमिक सहायता, पुल निर्माण, मीनार आसान, योगा आदि का प्रदर्शन किया स इस अवसर पर कब बुलबुल को दीक्षा दिलाई गई एवं में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसकी सभी ने मुक्त कंठ से सराहना की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में जेबीएनएसएस की डायरेक्टर श्रीमती मंजुला झुनझुनवाला ने स्काउट गाइड को व्यवस्थित कार्यक्रम हेतु बधाई दी।विशिष्ट अतिथि के रूप में गौरव सिंह, जिला संगठन आयुक्त, सुल्तानपुर, शशांक यादव, जिला संगठन आयुक्त, अमेठी ने सभी को आशीर्वाद एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सरिता त्रिपाठी उप प्रधानाचार्य सीनियर वर्ग गिरीश चंद्र वैश्य जूनियर संवर्ग नीतू श्रीवास्तव तथा प्रशिक्षक के रूप में रामबाबू गुप्ता आदित्य श्रीवास्तव, सुप्रिया सिंह, सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# श्रीकृष्ण के गांव में रंगोत्सव का उल्लास : बरसाना के हुरियारों पर बरसेंगी लाठियां

मथुरा ब्यूरो : मथुरा में राधारानी के गांव बरसाना के बाद शनिवार को श्रीकृष्ण के नंदगांव में लठामार होली का आनंद बरसेगा। इसे लेकर नंदगांव की हुरियारिनों ने शुक्रवार को ही अपनी तैयारियां पूरी कर लीं। हुरियारिनें सोलह शृंगार कर लठामार होली चौक पर पहुंचेंगी। नंदबाबा मंदिर के सेवायत वंशी गोस्वामी ने बताया कि तीन कुंतल टेसू के फूलों से 50 ड्रम प्राकृतिक रंग तैयार किया गया है। हुरियारों पर गुलाब के फूलों की पंखुड़ियां, टेसू के फूलों का रंग बरसाया जाएगा। विभिन्न प्रकार के फूलों से रंगोली सजाई जाएगी। यशोदा कुंड पर भांग ठंडाई से स्वागत किया जाएगा। फगुआ मांगने के बहाने आएंगे हुरियारे बरसाना की लठामार होली के अगले दिन सखा स्वरूप ग्वाल (हुरियारे) नंदगांव में होली का फगुआ मांगने आएंगे। नंदभवन में बरसाना के हुरियारों का भव्य स्वागत किया जाएगा। अबीर–गुलाल की वर्षा और होली के गीतों के बीच नंदगांव की हुरियारिनें बरसाना के हुरियारों पर प्रेमपगी लाठियां बरसाएंगी। द्वापर युग की इस अनूठी परंपरा को लेकर हुरियारिनों में खासा उत्साह है। रंगीली गली और लठामार होली चौक पर आयोजन होगा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी देश–विदेशों से हजारों श्रद्धालु इस अद्वितीय लीला के साक्षी बनेंगे। शुक्रवार को बरसाना में हुई थी लठामार होली शुक्रवार को नंदगांव के हुरियारे बरसाना की हुरियारिनों की लाठियों के वार को सहने के लिए



हाथों में ढाल लिए घरों से निकले। धोती, बगलबंदी, पीतांबरी से सुसज्जित हुरियारे नंदभवन पहुंचे। यहां हुरियारों ने समाज गायन में भाग लिया। इसके बाद हुरियारों ने बुजुर्गों के पैर छुए और बरसाना जाकर होली खेलने की अनुमति मांगी। इसके बाद बरसाना में जाकर लठामार होली खेली। बरसाना की हुरियारिनों ने हुरियारों पर प्रेमपगी लाठियां बरसाईं। इस दौरान खूब हंसी–ठिठोली हुआ। रंग बरसे। हजारों लोग लठामार होली देखने बरसाना पहुंचे।

# अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डा. श्रीवास्तव ने नवनिर्वाचित अयोध्या सदर विधायक को दी बधाई

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं जन सृजन पार्टी के जिला उपाध्यक्ष डॉ अमित श्रीवास्तव ने अयोध्या सदर विधानसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित विधायक वेद प्रकाश गुप्ता से उनके आवास पर मिलकर उन्हें बुके देकर बधाई दिया।इस मौके पर अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा के प्रदेश अध्यक्ष व जन सृजन पार्टी के जिला उपाध्यक्ष डाक्टर अमित श्रीवास्तव आवास पर मुलाकात की एवं उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।इस मौके पर नवनिर्वाचित अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि अयोध्या विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले सम्मानित क्षेत्रवासियो ने दुबारा राम नगरी अयोध्या विधानसभा से विधायक बनाकर सेवा करने का मौका दिया है।इस मौके पर उन्होने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्य नाथ के द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं व चहुंमुखी विकास के चलते जनता ने फिर उन्हें सेवा करने का मौका दिया है।इस मौके पर अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा के प्रदेश अध्यक्ष व जन सृजन पार्टी के जिला उपाध्यक्ष डाक्टर अमित श्रीवास्तव ने बताया कि राम नगरी अयोध्या से भाजपा विधायक वेद प्रकाश गुप्ता को जनता ने दुबारा विधानसभा भेजकर यह बताने का काम किया कि अयोध्या की जनता उन्हें कितना प्रेम करती है।उन्होने



बताया कि इसी तरह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्य नाथ द्वारा कराये गये चँहुमुखी विकास के चलते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री पद पर शपथ लेकर इतिहास रचने जा रहे है।इस मौके पर उन्होने बताया कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो सभी वर्गो को साथ लेकर देश व प्रदेश का चँहुमुखी विकास कर रही है।

# मंत्रिमंडल में वाराणसी से कई चेहरों को मिल सकती है जगह : भाजपा की सभी आठ सीटों पर जीत से बढ़ीं उम्मीदें

वाराणसी ब्यूरो : पूर्वांचल के विकास की धुरी बन चुकी वाराणसी को योगी–2 सरकार में ज्यादा जगह की उम्मीद है। शपथ ग्रहण समारोह में ही वाराणसी के विधायकों को मंत्री बनने की आस है। पिछली सरकार में एक कैबिनेट और दो स्वतंत्र प्रभार मंत्री वाराणसी के हिस्से में आए थे। ऐसे में इस बार यह आंकड़ा चार तक होने की उम्मीद है। पूर्वांचल में भूमिहार चेहरे के रूप में उभरे दूसरी बार के विधायक डॉ. अवधेश सिंह भी मंत्रिमंडल में शामिल हो सकते हैं। दरअसल, वर्ष 2017 में भाजपा के प्रचंड बहुमत के बाद अनिल राजभर ने सरकार गठन के साथ ही राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार के रूप में शपथ लिया था। राजभर चेहरे के रूप में पार्टी ने इन्हें आगे बढ़ाया और सुभासपा के भाजपा से अलग होने के बाद अनिल राजभर को कैबिनेट में जगह दी गई। डॉ. नीलकंठ तिवारी को पहले राज्यमंत्री और बाद में स्वतंत्र प्रभार का तोहफा मिला था। मंत्रिमंडल के विस्तार में रविंद्र जायसवाल को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार बनाया गया था। इस बार वाराणसी से चुने गए विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल होने की उम्मीद ज्यादा है। कैंट से दूसरी बार विधायक बने सौरभ श्रीवास्तव ने इस बार भी सबसे बड़ी जीत हासिल की है। युवा होने के साथ ही लगातार दो बार बड़ी जीत के साथ विधानसभा पहुंचे सौरभ को



मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है। ऐसे ही सेवापुरी से दूसरी बार विधायक बने नीलरतन पटेल को भी उम्मीद है कि उन्हें जगह मिलेगी। पीएम नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक स्नेह के बाद उनकी उम्मीदें ज्यादा हैं। सबसे अहम पूर्वांचल में शामिल डा. अवधेश सिंह आसपास के जिले में अकेले भूमिहार विधायक बने हैं। इसके साथ ही कांग्रेस के पूर्व विधायक अजय राय को दूसरी बार पटकनी देने पर उन्हें यह तोहफा मिल सकता है। मंत्रियों के प्रमोशन की भी उम्मीद पिछली बार मंत्री बने तीनों विधायकों को प्रमोशन की भी उम्मीद है। अनिल राजभर को बड़े मंत्रालय के साथ ही प्रमुख चेहरे के रूप में जगह मिल सकती है। इसके अलावा डा. नीलकंठ तिवारी और रविंद्र जायसवाल को कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है। फिलहाल सरकार के शपथ ग्रहण के साथ ही यह तस्वीर साफ होगी।

# मलिहाबाद में युवक की हत्याः लूट के दौरान वारदात की आशंका : रेलवे ट्रैक के किनारे मिला शव

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ के मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार शाम घर से निकला युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। शनिवार सुबह उसका शव मलिहाबाद के दिलावर नगर में रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। युवक की कार और मोबाइल फोन गायब है। इसके चलते लूट के दौरान हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज कर लूटपाट समेत अन्य पहलुओं पर भी छानबीन शुरू की है। मलिहाबाद इंस्पेक्टर नित्यानंद ने बताया कि नगर पंचायत के मोहल्ला बस्ती धनवंत राय निवासी राहुल गौतम (30) पुत्र लालता गौतम ब्लॉक में ठेकेदारी करता था। शुक्रवार देर शाम वह अपनी वैगनआर कार लेकर मिर्जागंज चौराहा जाने की बात कहकर घर से निकला था। देर रात तक राहुल घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसे फोन किया मगर कॉल रिसीव नहीं हुई। अनहोनी की आशंका में परिजनों ने राहुल की तलाश शुरू की मगर कुछ पता नहीं चला। शनिवार सुबह दिलावर नगर रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पड़ा मिला है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की तो मृतक के कपड़ों में आधार कार्ड मिला। इससे उसकी शिनाख्त राहुल गौतम के रूप में हुई। पुलिस ने राहुल के परिजनों को सूचना दी तो घर में कोहराम मच गया। पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्टया हत्या का मामला लग रहा है। आशंका है कि गला दबाकर हत्या करने के बाद शव रेलवे ट्रैक पर फेंका गया है। राहुल की कार



और मोबाइल फोन नहीं मिलने से परिजनों ने लूटपाट के दौरान हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से छानबीन की मांग की है। इंस्पेक्टर ने बताया कि पोस्टमार्टम के लिए भेजकर लूटपाट समेत अन्य पहलुओं पर छानबीन की जा रही है। वहीं, राहुल की मौत से रेशमा समेत परिवार के अन्य लोगों का रो रोकर बुरा हाल है। राहुल की दो मासूम बेटियां अर्तिका व अवनी है।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com



उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।